AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

छुट्टियां खत्म, एग्जाम-प्रैक्टिकल की चर्चा में बीता दिन

फिर गुलजार हुए कॉलेज और लविवि, को-कॅरिकुलर कोर्स की कई विभागों में शुरू हुई कक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। जाड़े की छुट्टियों के बाद सोमवार से एक बार फिर लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय गुलजार हुए। पहले दिन विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही और ठंड का भी असर दिखा। छात्र-छात्राओं के बीच कोर्स पूरा करने, मिड सेमेस्टर एग्जाम और प्रैक्टिकल को लेकर चर्चा होती रही।

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में 25 दिसंबर से हुई जाड़े की छुट्टियों में अधिकतर विद्यार्थी अपने घर पर थे। सोमवार को जब दोबारा विश्वविद्यालय खुला तो आधे ही विद्यार्थी पहुंचे। कड़ाके की ठंड होने के कारण विद्यार्थी सुबह में पार्क और खुले मैदान में दोस्तों संग बैठे चर्चा में मशगूल रहे। सोमवार से ही कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय में को-कॅरिकुलर कोर्स की कक्षाएं शुरू हुईं।

इसी के साथ अन्य विषयों की भी दोबारा कक्षाएं शुरू हुईं। विभागों का लक्ष्य है कि समय से कोर्स पूरा किए जाए क्योंकि विवि प्रशासन जनवरी में सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा है। इसी तरह विवि से संबद्ध कॉलेजों में भी सोमवार से पठन-पठन की शुरुआत हुई। यहां प्रशासनिक कामकाज ने भी गति पकड़ी। खबडा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि भी सोमवार को जाड़े की छुट्टियों के बाद खुला और यहां भी कक्षाएं नियमित हुईं। अब यहां भी सेमेस्टर परीक्षाओं व दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू होंगी।

शीतकालीन अवकाश खत्म होने के बाद सोमवार को छात्र-छात्राओं के पहुंचने से गुलजार हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय। - संवाद

चांसलर, चक्रवर्ती और कुलपति स्वर्ण पदक के इंटरव्यू छह को

लखनऊ विवि में 21 जनवरी को दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी तेज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में 21 जनवरी को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विवि प्रशासन की ओर से दिए जाने वाले तीन प्रमुख मेडलों के लिए इंटरव्यू की तिथि छह जनवरी को तय की गई है। वहीं न्यू कैंपस में भी मंच आदि की जगह तय कर ली गई है।

विवि प्रशासन की ओर से दीक्षांत समारोह में 196 मेडल दिए जाते हैं। मेडल व डिग्री से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विवि प्रशासन की ओर से दिए जाने वाले तीन प्रमुख चांसलर, चक्रवर्ती व कुलपति गोल्ड मेडल के लिए छह जनवरी को इंटरव्यू कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कमेटियों का गठन कर दिया गया है और संबंधित विद्यार्थियों को भी सूचित कर दिया गया है। चांसलर गोल्ड मेडल के लिए सर्वाधिक 32, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए 31 व बेस्ट एनसीसी कैडेट को दिए जाने वाले कुलपति गोल्ड मेडल के लिए सात आवेदन आए हैं।

इन मेडलों के लिए आवेदन अक्तूबर में मांगे गए थे लेकिन दीक्षांत समारोह की तिथि आगे बढ़ने से इसकी प्रक्रिया धीमी हो गई थी। हाल ही में कुलसचिव, डीएसडब्ल्यू आदि अधिकारियों ने न्यू कैंपस का भ्रमण कर मंच आदि के लिए जगह तय कर ली है। इसका काम भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने बताया कि जल्द ही दीक्षांत की तैयारियों के लिए कमेटियों का भी गठन कर अन्य कामों को भी गति दी जाएगी।

मिड सेमेस्टर एग्जाम पांच से, प्रैक्टिकल की तैयारियां शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय में मुख्य परीक्षाओं से पहले मिड सेमेस्टर एग्जाम व प्रैक्टिकल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एमए इकोनॉमिक्स के पहले और तीसरे सेमेस्टर का मिड सेमेस्टर एग्जाम पांच जनवरी से शुरू हो रहा है। पहले सेमेस्टर सीबीसीएस का एग्जाम पांच से सात जनवरी तक सुबह 11 से 12 बजे और दोपहर एक से दो बजे तक होगा। वहीं तीसरे सेमेस्टर के एग्जाम पांच व छह जनवरी को सुबह 11 से 12 बजे तक और दोपहर एक से दो बजे तक होगा। वहीं जुलॉजी विभाग में बीएससी जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स पहले, तीसरे व पांचवें के इंटरनल एसेसमेंट 16 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

को-कॅरिकुलर कोर्स की सूची विज्ञान संकाय ने भी की जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कला व वाणिज्य के बाद सोमवार को विज्ञान संकाय ने भी अपने यहां को-कॅरिकुलर कोर्स और उनके समन्वयक विभागवार तय कर दिए। इनकी सूची जारी करते हुए विद्यार्थियों को सात जनवरी तक अपने रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। ताकि इनकी कक्षाएं जल्द शुरू की जा सकें।

डीन साइंस की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पहले सेमेस्टर के लिए रिपोर्ट राइटिंग एंड प्रजेंटेशन स्किल-1, एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबल डवलपमेंट, हॉलिस्टिक हेल्थ एंड हैप्पीनेस, इंट्रोडक्शन टू जेंडर स्टडीज और पर्सनालिटी डवलपमेंट एंड ग्रूमिंग को को-कॅरिकुलर कोर्स में शामिल किया गया है। वहीं तीसरे सेमेस्टर के लिए रिपोर्ट राइटिंग एंड पर्सनालिटी स्किल-2, द पॉलिटिक्स ऑफ एनवायरमेंट, इंडियन नॉलेज ट्रेडीशंस, सेल्फ इनहैंसमेंट स्किल, जेंडर वायलेंस एंड मेंटल हेल्थ व इंटरव्यू प्रिपरेशन एंड प्लानिंग को शामिल किया है।

डीन ने कहा है कि पहले व तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी अपने सेमेस्टर के लिए तय में से किसी भी को-कॅरिकुलर कोर्स का चयन कर सात जनवरी तक अपना पंजीकरण कराएं। (माई सिटी रिपोर्टर)

व्यक्तित्व विकास व ब्रांडिंग पर भी दें ध्यान : कुलपति

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि : एमबीए विभाग के सभागार का कुलपति ने किया उद्घाटन

लखनऊ। नए साल की शुरुआत में सोमवार को लखनऊ विवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को नया सभागार मिल गया। 1956 में स्थापना के बाद से यह विभाग का पहला ऑडिटोरियम है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चाणक्य सभागार का उद्घाटन किया। ऑडिटोरियम में 214 लोगों के बैठने की क्षमता है।

प्रो. राय ने छात्रों से व्यक्तित्व विकास और व्यक्तिगत ब्रांडिंग पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया और भावी मैनेजर के लिए एक अच्छे इको सिस्टम के महत्व को बताया। उन्होंने विभाग के प्रोसेसर पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने चाणक्य स्पीक्स नाम से व्याख्यान शृंखला शुरू करने की जानकारी दी जिसका उद्देश्य भारतीय प्रबंधन अवधारणाओं के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए वैदिक व समकालीन शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्य अधीक्षक निर्माण डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

लविवि के एमबीए विभाग में सभागार का कुलपति प्रो. आलोक राय ने किया उद्घाटन

इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन अपने यहां छात्र-छात्राओं के छात्रावासों के बीच जल्द ही इंटर हॉस्टल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। यह निर्णय सोमवार को चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई सभी प्रोवोस्ट की बैठक में लिया गया। प्रो. सिंह ने बताया कि इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में सभी खेलकूद, एकेडमिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विवि में 17 हॉस्टलों में लगभग 2000 छात्र-छात्राएं रहते हैं, जो इसमें प्रतिभाग करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एनआईआरएफ के लिए आवेदन जल्द

लखनऊ। लविवि ने नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग लाने के बाद एनआईआरएफ के लिए तैयारियों को आखिरी रूप देना शुरू कर दिया है। विवि प्रशासन की ओर से इसकी औपचारिकता पूरी कर इसी सप्ताह आवेदन किया जाएगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लविवि समेत प्रदेश के छह विवि आवेदन करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए छात्र चयनित

लखनऊ। लविवि ने दिव्यांग विद्यार्थियों को प्लेसमेंट दिलाने की कवायद शुरू की गई है। सोमवार को दो दिव्यांग विद्यार्थियों का चयन सार्थक फाउंडेशन द्वारा तीन महीने की वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए किया गया है। निदेशक प्लेसमेंट सेल प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद फाउंडेशन द्वारा प्लेसमेंट भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थी प्लेसमेंट सेल में संपर्क करें, उन्हें जॉब दिलाने का सार्थक प्रयास सेल द्वारा किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : 20 तक पूरा करें लॉ का कोर्स

लखनऊ। लविवि के डीन लॉ ने संकाय व संबद्ध विधि महाविद्यालयों को 20 जनवरी तक कोर्स व आंतरिक मूल्यांकन पूरा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि एलएलबी तीन वर्षीय के पहले, तीसरे, पांचवें सेमेस्टर और एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के पहले, तीसरे, पांचवें, सातवें व नौवें सेमेस्टर का कोर्स व मूल्यांकन समय से पूरा करें। ताकि इनकी परीक्षाएं जनवरी के आखिरी सप्ताह में शुरू की जा सकें। (माई सिटी रिपोर्टर)

लॉ कॉलेजों की बैठक नौ को

लखनऊ। लविवि से सहयुक्त लॉ कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक नौ जनवरी को न्यू कैंपस स्थित लॉ विभाग में आहूत की गई है। डीन लॉ प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि उक्त तिथि को दोपहर दो बजे से बैठक में वर्तमान सेमेस्टर की पढ़ाई व परीक्षा को लेकर चर्चा होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के छात्र लेंगे रेशम उत्पाद की जानकारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के विद्यार्थी रेशम उत्पाद से संबंधित बारीक जानकारियां प्राप्त करेंगे और इस क्षेत्र में अपना कॅरिअर भी बना सकेंगे। इसके लिए विवि का जुलोजी विभाग जल्द ही केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के साथ एक एमओयू करने जा रहा है।

विवि प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह कदम उठाया जाएगा। केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची

केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के साथ होगा एमओयू

सिल्क उत्पादन से जुड़ा एक बड़ा केंद्रीय संस्थान है जहां रेशम उत्पादन, धागा तैयार करने आदि से संबंधित कार्य होते हैं। एमएससी जुलोजी व पीएचडी के छात्रों को संस्थान में इंटर्नशिप, रिसर्च व एकेडमिक टूर का अवसर मिलेगा। संस्थान के निदेशक की ओर से लविवि के जुलोजी विभाग को पत्र भेजकर औपचारिकता पूरी करने को कहा है।

NBT PAGE 4

NIRF की रेस में 11 यूनिवर्सिटी

सात विवि क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग के लिए भी करेंगे आवेदन

■ एनबीटी सं, लखनऊ :

नेशनल इंस्टिट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के लिए इस बार यूपी से 11 विश्वविद्यालय दावा करेंगे। इनमें मेडिकल, एजुकेशनल और एग्रीकल्चर समेत अन्य यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इसके अलावा क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग के लिए भी प्रदेश से 7 विवि आवेदन करेंगे। उपक्रम के जरिए यह विवि रैंकिंग सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंकिंग दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश कैडर फॉर रैंकिंग एक्रीडेशन मेंटरशिप (उपक्रम) का केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय में खोला गया था। उपक्रम की डायरेक्टर जनरल प्रो. पूनम टंडन (एलयू में डीएसडब्ल्यू) ने बताया कि प्रदेश के 11 विश्वविद्यालय-लखनऊ यूनिवर्सिटी, केजीएमयू-लखनऊ, एसजीपीजीआई-लखनऊ, चौधरी चरण सिंह विवि-मेरठ, एमजेपी रूहेलखंड विवि-बरेली, कानपुर विवि, पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि, सीएसए विवि-कानपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ-वाराणसी, बुंदेलखंड विवि-झांसी और कृषि और प्रौद्योगिकी विवि-अयोध्या इस बार एनआईआरएफ के लिए आवेदन करेंगे।

उपक्रम की डायरेक्टर जनरल प्रो.पूनम टंडन ने राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात कर उन्हें रिपोर्ट सौंपी।

कुलपतियों के साथ ऑनलाइन बैठक आज

डायरेक्टर जनरल ने बताया कि इन विवि के कुलपतियों के साथ लगातार ऑनलाइन मीटिंग की जा रही है। उन्हें लगातार टिप्स दी जा रही हैं कि अपने विवि में क्या-क्या सुधार करें ताकि एनआईआरएफ की टॉप रैंकिंग में आ सकें। मंगलवार को भी सभी 11 विवि के कुलपतियों और उनके स्टाफ के साथ एक ऑनलाइन मीटिंग की जा रही है। इसमें एनआईआरएफ में जिन पैरामीटर्स को ध्यान दिया जाता है, उन पैरामीटर्स को पूरा करने और उनके डेटा में सुधार लाने के टिप्स भी दिए जाएंगे। डायरेक्टर जनरल ने बताया कि उन्होंने अब तक की रिपोर्ट गवर्नर आनंदीबेन पटेल को दी गई है। इस बार उम्मीद है कि एलयू समेत अन्य 11 विवि एनआईआरएफ में टॉप 100 में जगह बना पाएंगे। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग के लिए इस बार एलयू, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत प्रदेश के सात विवि आवेदन करेंगे। इसके लिए भी तैयारी लगातार की जा रही है।

'एलयू को अच्छी रैंक की उम्मीद'

रैंकिंग को लेकर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एनआईआरएफ में मूल्यांकन पांच मापदंडों के आधार पर किया जाता है। टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्सेस, रिसर्च एंड प्रोफेशन प्रैक्टिस, ग्रेजुऐशन आउटकम और आउटरीच एंड इनक्लूसिविटी व परसेप्शन को देखा जाता है। इन पांचों बिन्दुओं पर 100-100 नंबर दिए जाते हैं। एलयू वीसी के मुताबिक, नैक ए डबल प्लस ग्रेडिंग मिलने के कारण इस बार परसेप्शन में एलयू को स्वतः ही 30 नंबर मिल जाएंगे। ऐसे में एनआईआरएफ में अच्छी रैंकिंग आने की काफी उम्मीद है।

एलयू में ऐसे आया सुधार

	2021	2022
पैरामीटर		
स्टूडेंट-टीचर रेशियो	1:38	1:30
फुल टाइम डॉक्टोरल स्टूडेंट	1456	1664
पार्ट टाइम पीएचडी	54	89
रिसर्च प्रॉजेक्ट	79	89
गर्ल-बॉय रेशियो	50:40	50:50
फैकल्टी	423	536

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू : क्लास, कैंटीन और पार्क में गूंजे हैप्पी न्यू ईयर के गीत

उत्साह

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में एक सप्ताह के बाद सोमवार से रौनक लौटी। शैक्षणिक शीतकालीन अवकाश के बाद नववर्ष के दूसरे दिन विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए खुला। कक्षाएं, पार्क, कैंटीन छात्रों से गुलजार रहे। नए साल में पहली बार अपने दोस्तों और शिक्षकों से मिल रहे छात्रों ने सबसे पहले एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर बोला। सेल्फी ली और सोशल साइट पर पोस्ट की।

सभी विभागों में स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में शिक्षकों ने क्लास ली। अर्थशास्त्र विभाग में सुबह 8.25 मिनट पर एक फैकल्टी पढ़ाने के लिए भी मौजूद थीं लेकिन छात्र-छात्राएं नहीं आए। फिजिक्स विभाग में सिर्फ आठ दस ही छात्र-छात्राएं नजर आए।

को-करिकुलर विषयवार को-आर्डिनेटर बनाए: कुलपति ने विज्ञान संकाय के प्रत्येक करिकुलर विषय के एक-एक शिक्षक को विषय को-आर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने नए साल में मस्ती की। धूप का लुत्फ लेते हुए गिटार बजाया।

पहले दिन सुबह विद्यार्थी की कम संख्या रही

चीफ प्रावट प्रो. राकेश ने बताया कि विश्वविद्यालय शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को खुल गया लेकिन पहले दिन सुबह विद्यार्थी की कम संख्या रही। अभी हास्टल से घर गए छात्र आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार व बुधवार से सभी छात्र व छात्राएं आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद परिसर और गुलजार हो जाएगा, कक्षाएं भी ज्यादा नियमित रूप से चलने लगेंगी। उम्मीद है कि जल्द ही परिसर में छात्र एवं छात्राओं की पूरी उपस्थिति होगी।

i-NEXT PAGE 3

तीन प्रमुख मेडल के लिए स्टूडेंट्स के इंटरव्यू छह को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को भेजी सूचना

LUCKNOW(2 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय में 21 जनवरी को होने वाले 65वें दीक्षा समारोह की तैयारियां तेज कर दी हैं. समारोह दिए जाने वाले चांसलर गोल्ड मेडल, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल और चाइस चांसलर गोल्ड मेडल के चयन के लिए छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार छह जनवरी को होंगे. तीनों मेडल के लिए कुल 70 आवेदन आए हैं. इस संबंध में सोमवार को संबंधित विद्यार्थियों को परीक्षा विभाग की ओर से सूचना भेज दी गई है.

21 जनवरी को दीक्षा समारोह

लखनऊ यूनिवर्सिटी का दीक्षा समारोह इस बार 21 जनवरी को जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में होगा. समारोह के लिए करीब 196 मेडल का चयन किया जाना है. इसके लिए बीते 23 अक्टूबर को और 29 अक्टूबर को पत्र जारी कर चांसलर, वाइस चांसलर एवं चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए विभागों से अर्ह विद्यार्थियों के नाम मांगे गए थे. इसके लिए 10 नवंबर तक समय दिया गया था. कई स्टूडेंट्स ने मेडल के लिए आवेदन किया है.

12 बजे से शुरू होगा इंटरव्यू

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए 31, चांसलर गोल्ड मेडल के लिए 32 और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) के लिए सात छात्र-छात्राओं के आवेदन आए हैं. अब छह जनवरी को इन सभी विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा. चांसलर और चक्रवर्ती मेडल के लिए दोपहर 12 बजे और वीसी गोल्ड मेडल के लिए शाम चार बजे कमेटी साक्षात्कार लेगी. समारोह के लिए 196 मेडल का चयन होना है.



चांसलर पदक में ये भी दिए जाएंगे

चांसलर स्वर्ण पदक के साथ-साथ 10 चांसलर रजत पदक और दो कांस्य पदक भी दिए जाएंगे। इनमें प्रत्येक संकाय से फाइनल बैचलर डिग्री में बेस्ट स्टूडेंट्स को दो कांस्य पदक, पीजी के सभी संकायों में से बेस्ट स्टूडेंट को एक रजत पदक और लखनऊ विश्वविद्यालय की बेस्ट छात्रा को एक रजत पदक दिया जाएगा.

द्वितीय कैंपस में बनेगा भव्य पंडाल

दीक्षा समारोह के लिए द्वितीय परिसर के मैदान में भव्य पंडाल लगाया जाएगा. इसके लिए बीते दिनों कुलसचिव संजय मेधावी व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर तैयारियां देखी थीं. कुलसचिव ने बताया कि आयोजन के लिए जल्द ही कमेटियों का गठन किया जाएगा.

तेजी से चल रही है तैयारी

लखनऊ यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह की तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं. एक दो दिन में कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी. इस आयोजन को काफी भव्य बनाया जाएगा.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

नववर्ष में खुले लविवि सहित अन्य महाविद्यालय

लखनऊ (एसएनबी)। करीब सात दिन शीतकालीन अवकाश के बाद नववर्ष की सुबह सोमवार से लखनऊ विश्वविद्यालय तथा विभिन्न कालेज छात्र-छात्राओं खुल गए। हालांकि पहले दिन स्नातक व परास्नातक की सुबह की पाली की कक्षाओं में उपस्थिति कम रही, लेकिन सड़क पर चहल-पहल ज्यादा रही। छात्र-छात्राओं ने नववर्ष के पहले दिन परिसर की सैर की तथा एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। वहीं छात्रों ने सेल्फी व गीत संगीत से भी पहले दिन का आनंद लिया।

सोमवार को पहले दिन स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में सुबह की पाली में उपस्थिति कम रही। भौतिक विज्ञान, दर्शन शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, डिफेंस स्टडीज सहित सहित कई विभागों में बहुत कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। अर्थशास्त्र विभाग में सुबह 8.25 मिनट पर एक फैकल्टी पढ़ाने के लिए भी मौजूद थीं, लेकिन कोई भी छात्र-छात्राएं नहीं आए। फिजिक्स विभाग में शिक्षक अपनी कक्षा में पढ़ाते नजर आए। डिफेंस स्टडीज विभाग में पांचवे सेमेस्टर की कक्षा में सिर्फ आठ-दस छात्र-छात्राएं नजर आए। शिक्षकों ने उन्हें कक्षाओं के शेड्यूल और सिलेबस के बारे में बताया। शिक्षा शास्त्र में बीएड, एमएड की पढ़ाई शुरू हो गई। प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में छात्र संख्या ठीक रही। कला एवं शिल्प, जियोलॉजी और मैनेजमेंट में छात्र संख्या कम रहे, जो भी विद्यार्थी आए, उनकी कक्षाएं हुईं। आर्ट्स कॉलेज में छात्र संख्या कम रही। किसी विभाग में छह तो कहीं सात छात्र ही आए। पहले दिन स्नातक के बीएससी छात्रों की संख्या कम रही। वहीं परास्नातक के प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं की भी कक्षाएं लगीं। कम संख्या रही लेकिन नए साल में पहली कक्षाओं में छात्रों में उत्साह दिखा। कक्षाएं साढ़े सात बजे से शुरू हो गईं। पहले दिन कक्षाओं का हाल जानने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी विभागों में पहुंचे। कुलपति ने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के चीफ प्रावस्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को नववर्ष के दूसरे दिन खुल गया है, लेकिन पहले दिन सुबह विद्यार्थी की कम संख्या रही। अभी हास्टल से घर गए छात्र आ रहे हैं। मंगलवार व बुधवार से सभी छात्र व छात्राएं आना शुरू हो जाएंगे। उधर कक्षाओं से छूटने के बाद छात्रों ने लविवि के परिसर में हल्की फुल्की मस्ती भी की। कहीं छात्रों ने गिटार बजा कर नववर्ष का स्वागत गीत से किया, तो कहीं छात्र व छात्राओं ने धूम मे सेल्फी लेकर मस्ती की।

नववर्ष के पहले दिन छात्र-छात्राओं से गुलजार हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय कैम्पस।

पहले दिन कम रही छात्रों की संख्या, नववर्ष की शुभकामनाएं देने में बीता पहला दिन

AMRIT VICHAR PAGE 4

शीतकालीन अवकाश के बाद फिर गुलजार हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार से लखनऊ विश्वविद्यालय खुल गया। पहले दिन स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में सुबह की पाली में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम रही। छात्र-छात्राओं ने नववर्ष के पहले दिन परिसर की सैर की वहीं धूप में बैठ कर एक-दूसरे को नए साल की बधाई दी। वहीं छात्रों ने सेल्फी व गीत-संगीत का भी आनंद लिया।

सोमवार को पहले दिन स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में सुबह की पाली में उपस्थिति कम रही। भौतिक विज्ञान, दर्शन शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, डिफेंस स्टडीज सहित सहित कई विभागों में बहुत कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। हालांकि शिक्षकों ने अपनी कक्षाएं लीं। अर्थशास्त्र विभाग में सुबह 8.25 मिनट पर एक फैकल्टी पढ़ाने के लिए भी मौजूद थीं, लेकिन छात्र-छात्राएं नहीं आए।

फिजिक्स विभाग में शिक्षक पढ़ाते नजर आए। डिफेंस स्टडीज विभाग में सेमेस्टर की कक्षाओं में सिर्फ आठ दस ही छात्र नजर आए। शिक्षकों ने उन्हें कक्षाओं के शेड्यूल और सिलेबस के बारे में बताया। शिक्षा शास्त्र में बीएड, एमएड की पढ़ाई शुरू हो गई। प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में छात्र संख्या ठीक रही। कला एवं शिल्प, जियोलॉजी और मैनेजमेंट में छात्र संख्या कम रही। जो विद्यार्थी आए, उनकी कक्षाएं हुईं।

महाविद्यालय के ललित कला विभाग में छात्र संख्या कम रही। विज्ञान संकाय की प्रो. अनिता कनौजिया ने बताया कि पहले दिन स्नातक के बीएससी छात्रों की संख्या कम रही लेकिन छात्र आए और कक्षाएं समय से शुरू हुईं। वहीं परास्नातक के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की भी कक्षाएं लगीं। कम संख्या रही लेकिन छात्रों में उत्साह दिखा। कक्षाएं साढ़े सात बजे से शुरू हो गईं।

पहले दिन कक्षाओं का हाल जानने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी विभागों में पहुंचे। कुलपति ने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। लखनऊ विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को नववर्ष के दूसरे दिन खुल गया है, लेकिन पहले दिन सुबह विद्यार्थी की कम संख्या रही। अभी हास्टल से घर गए छात्र आ रहे हैं। मंगलवार व बुधवार से सभी छात्र व छात्राएं आना शुरू हो जाएंगे। उधर कक्षाओं से छूटने के बाद छात्रों ने लविवि के परिसर में हल्की फुल्की मस्ती भी की। कहीं छात्रों ने गिटार बजा कर नववर्ष का स्वागत गीत से किया, तो कहीं छात्र व छात्राओं ने धूप में सेल्फी लेकर मस्ती की। वहीं छात्र व छात्राओं ने धूप में बैठकर कर धूप का आनंद लिया।

खुले में बैठकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

पठन-पाठन

- कक्षाओं में कम रही विद्यार्थियों की उपस्थिति, धूप में दिखी छात्र-छात्राओं की टोलियां

नए साल के साथ विवि विश्वविद्यालय में लौटी रौनक

डॉ. राम मनोहर लोहिया स्टेट हिंदी विश्वविद्यालय नए साल के साथ गुलजार हो गया। छुट्टियों के बाद सोमवार को छात्र कक्षाओं में दिखे। वहीं छात्रों के भी छात्राओं में आने की चीनी रफ्तार से कैंपस में भी चहल-पहल तय रही। इसके बावजूद भी सोमवार को कक्षाएं शुरू हो गई। वहीं परिसर में भी छात्र धूप में पढ़ता ढदयी करते दिखे।

लविवि में चाणक्य सभागार का उद्घाटन

अमृत विचार संवाददाता

- कुलपति ने दी नव वर्ष की बधाई कहा, छात्रों के लिए होंगे नए अवसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) में नववर्ष के अवसर पर बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में चाणक्य सभागार का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता साहू ने विश्वविद्यालय के कुलपति, डीन, विभिन्न विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के अधिकारियों का स्वागत किया।

लविवि के चाणक्य सभागार का उद्घाटन करते हुए कुलपति आलोक राय ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और गत वर्ष में नौकरी पाने वाले विभाग के सभी छात्रों को उनके सफल प्लेसमेंट के लिए बधाई दी। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विभाग द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों के लिए विभाग के प्रयासों के महत्व को व्यक्त किया। उन्होंने उद्यमिता के बारे में भी प्रकाश डाला और छात्रों को एक उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने आगे आने वाले समय में एक नवोदित प्रबंधक यानी मैनेजर के लिए एक अच्छे इकोसिस्टम के महत्व पर चर्चा की और एक सभागार से शैक्षिक प्रणाली में नवीकरण के पीछे उनके विजन को साझा किया। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के कार्य अधीक्षक निर्माण डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। छात्र उत्साह से भरे हुए थे और उन्होंने उभरते अवसरों के बारे में नए ज्ञान के साथ समारोह का आनंद लिया।

व्यक्तित्व विकास और व्यक्तिगत ब्रांडिंग

कुलपति आलोक कुमार राय ने छात्रों के समग्र विकास के बारे में बात की और व्यक्तित्व विकास और व्यक्तिगत ब्रांडिंग पर जोर दिया। प्रो. साहू ने चाणक्य का वह स्लोक, जिसमें वे कहते हैं कि "एक राजा पृथ्वी का आराध्य होता है, परंतु विद्या सबका श्रृंगार होती है, के महत्त्व को आज के समाज के परिप्रेक्ष्य में समझाया। वहीं कुलपति से चाणक्य स्पीक्स नामक शृंखला में पहले वक्ता होने का अनुरोध किया, जिसका उद्देश्य भारतीय प्रबंधन अवधारणाओं के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए वैदिक और समकालीन शिक्षा को बढ़ावा देना है, प्रबंधन में वैदिक ज्ञान पर छात्रों को प्रेरित और संवेदनशील बनाना है।


लविवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में चाणक्य सभागार का उद्घाटन करते कुलपति, साथ में अन्य। अमृत विचार

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू के व्यावसायिक व्